RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831





हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता



• वर्ष : 11 • • अंक 133 • • जुलाई, 2016 • • मूल्य : 15/- •



## संत सिरोमणी श्री लिखमीदास जी महाराज की जयंति पर हार्दिक बधाई एवं शुभकानाएँ

# माली सैनी संदेश द्वारा आयोजित कैरियर कॉउसलिंग सेमिनार की झलकियां


सेमिनार में उपस्थित छात्र-छात्राएं


दीप प्रज्जवलित करते श्री राजेन्द्र परिहार, श्रीमती पूजा गहलोत, डॉ. सुरेन्द्र देवड़ा, अमृत सोलंकी, विनीत गहलोत


स्कॉलरशिप के लिए प्रश्न-पत्र पुस्तिका का लोकार्पण करते अतिथिगण



सेमिनार में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते मुख्य अतिथि समाजसेवी श्री राजेन्द्र परिहार



एडवोकेट श्री महेन्द्र परिहार को मोमेण्टों देकर सम्मानित करते श्री राजेन्द्र परिहार



सेमिनार का सफल संचालन करते दीपक देवड़ा



वरिष्ठ शिक्षाविद् श्री किशनसिंह सांखला का मोमेण्टों देकर सम्मानित करते श्री राजेन्द्र परिहार


एडवोकेट श्री महेन्द्र परिहार श्री अशोक देवड़ा ( देवड़ा कन्सपट ) को सम्मानित करते हुए


डॉ. प्रवीण गहलोत श्री संतोक सांखला ( श्री खेतेश्वर शिक्षण संस्थान ) को सम्मानित करते हुए


सी. ए. महेश गहलोत श्री विनोद कच्छवाहा ( विद्या शिक्षण संस्थान ) को सम्मानित करते हुए


RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष :11 ● अंक 133 ● जुलाई (संयुक्तांक) ● मूल्य : 15/- प्रति


## सम्पादक मण्डल

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन, नगर निगम, जोधपुर)

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
(उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)


**कम्प्यूटर**

**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।


## इस अंक में

**आवरण कथा**





- सम्पादकीय
- कॅरियर काउंसलिंग सेमिनार में उमड़ा विद्यार्थियों का हुजूम
- शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति लाने के लिए सरकार एक से एक कल्याणकारी
- योजनाओं को लागू कर शिक्षा को बढ़ावा दे रही है :- कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी
- अजमेर में 13वाँ सामूहिक विवाह सम्मेलन 28 फरवरी 2017 को होगा
- प्रतिभाओ का सम्मान, शिक्षा का संदेश - मोतीबाबा
- हमें भी अपनी कुरीतियों पर अंकुश लगाना होगा - माली
- सामाजिक एकता से ही समाज का विकास :राजेन्द्र गहलोत
- श्री सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय का स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया
- मेड़ता सिटी में फूल माली सैनी समाज ने लिखमीदास जयंती पर किया गया प्रतिभाओ को सम्मानित
- शहर में जुलूस निकाल किया जिम्नास्टिक में सिल्वर मेडल विजेता जितेंद्र का स्वागत
- प्रदेश के विभिन्न भागों में संत लिखमीदास जयंती धूमधाम से मनाई
- श्री प्रभुलाल सैनी ने कि संत लिखमीदास मंदिर में की पूजा-अर्चना
- सिरोही स्थित होटल रामदेव की प्रथम वर्षगांठ मनाई
- स्व. संतरादेवी, आनंद कुमार सेवा संस्थान द्वारा समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ सम्मान
- चार साल की बच्चियां फर्राटे से बोलती हैं संस्कृत श्लोक मंत्र
- नि:शुल्क मेघा चिकित्सा शिविर में उमड़ा समाज
- अनुशासन के बिना किसी भी समाज व संगठन का विकास संभव नही - श्री दिलबाग सैनी
- माली समाज वेलफयर सोसायटी की वार्षिक बेठक आयोजित
- कच्छावाह को रेल कैश अवार्ड से सम्मानित
- व्यवसायी के साथ मारपीठ पर एकजुट हुए सभी समाज के लोग
- गहलोत अध्यक्ष एवं भाटी कोषाध्यक्ष मनोनीत
- गुजरात माली फेडरेशन के चेयरमेन बने अनिल भाई रामी
- नौ दिवसीय नौ कुण्डीय महायज्ञ की पूर्णाहुति
- गुजरात माली फेडरेशन के चेयरमेन बने अनिल भाई रामी
- पर्यावरण पूर्व संध्या पर भव्य पौधारोपण
- संक्षिप्त समाचार

# सम्पादक की कलम से . .

# सामाजिक अपेक्षाओं की नहीं करें उपेक्षा...

**जाति समाज से करें प्यार, सुनो भाई जीवणा दिन चार, जो नहीं करता समाज से प्यार, तो समझो उसका जीवन है बेकार।**

**समाज सेवा से बड़ी लाभकारी, मिलकर कदम बढ़ाओ, नर हो या नारी हमारे समाज का सुखी हो हर परिवार विनती करता है माली सैनी संदेश परिवार बारम्बार।।**

हमारे जीवन की महानता इसी में है कि सब मिलकर श्रेष्ठ समाज का निर्माण करें। बीते समय की , त्रुटियों की चर्चा कोई लाभादायक नहीं है। अब तो हमारी होशियारी और समझदारी इमी में है कि वर्तमान एवं भविष्य की सामाजिक प्रगति तथा सुव्यवस्था पर ध्यान दें एवं सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं।

सर्वप्रथम समाज के प्रति हीन भावना को समाप्त करें। हम माली सैनी है तो श्रेष्ठ है, हमे फिर पश्चाताप किस बात का? क्या लिखमोजी महाराज, महात्मा ज्योति बा फूले, माता सावित्री बाई फूले जैसे विश्व प्रसिद्ध मानव धर्म के हितेषी किसी से कम थे। हमारे जाति शब्द उच्चारण एवं संस्कृति में सेवा भाव, सरल स्वभाव, स्वावलम्बन, मानवता, प्रभु भक्ति और कल्याणकारी नीति समाहित है। इन्हीं सदगुणों को लेकर हमारा समाज के सभी वर्ग हमसे कई अपेक्षाए रखते है, हम मर्यादाओं का ध्यान रखते हुए और महात्मा फूले की शिक्षा के अनुरूप व्यवहारिक जीवन से समजा का चहुँमुखी विकास करें। सामाजिक समरसता की भावना से सहयोग, भाईचारा, सुख शांति और सज्जनता का मार्ग अपनाएँ।

समाज में ना समझ, अशिक्षित, अहंकारी, झूठे लोग समाज के प्रति उपेक्षा की भावनाओं से ग्रस्त है। मतलब सिद्ध करना और लोगों को गुमराह करके समाज की एकता में फूट डालना ही उपेक्षावृति कहलाती है। उपेक्षावृति के लोगों में नीति, धर्म और सदाचार के गुणों का आभाव होता है। यही वजह है कि हम समाजोत्थान का सपना पूरा नहीं कर पा रहे हैं। हमारे समाज की अपेक्षाएं है कि दूरदर्शिता एवं पारदर्शिता, परस्पर विश्वास और ईमानदारी से समस्याओं का निदान खोजें शिक्षा का प्रसार हो, व्यसायिक प्रगति हो, सामाजिक कुरीतियाँ मिटे और हर परिवार सुख-शांति का जीवन निर्वाह करें। लेकिन उपेक्षा की नीति रखने वाले समाज सेवी टाँग खिचाई में पीछे रहते। परिणाम यह होता है कि सब आशाएँ निराशा में बदल जाती है।

समाज के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए और भावी पीढ़ी के सुख के लिए निर्धारित अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए हमें खरा उतरना चाहिए। विडम्बना यह है कि आज सज्जनों और सेवाभावी लोगों का उपहास किया जाता है और दुर्जनों को शाबासी दी जाती है तथा उन्हें ही बुद्धिमान माना जाता है। देखा जाता है कि उपेक्षावृति के कई बंधु स्वयं का समाज का कर्त्ता धर्त्ता बतलाते पर स्वयं के स्वार्थ सिद्ध के अलावा कुछ नहीं करते है। यही लोगों को दोहरी नीति समाज को खाए जा रही है। उपेक्षा वृति का त्याग करके सभी लोग समाज की रीति निति एवं हमारे पूर्वजों के आदर्शो का पालन करं तो सामाजिक जीवन का आनंद ही आ जाए। हम सामाजिक प्राणी है, समाज की मर्यादित व्यवहार जीवन शैली के अनुसार चलें। कुरीतियों का त्याग करें, बुरे आचरण का त्याग करें ताकि समाज की पवित्रता में चार चाँद लग जाए। सद्वृतियों की उपेक्षा करने का अर्थ है अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारना। दरअसल सर्वे एवं सम्पर्क इस बात को उजागर करते है कि सामाजिक चिंतन के लिए अच्छे लोगों का प्रतिशत कम है। लोग अधिकाश रूप से आर्थिक होड़ में आगे बढ़ने के प्रयास में है। कतिपय समाज सेवी न तो किसी को आगे बढ़ने देते है न ही किसी और को आगे बढ़ते देखना पंसद करते है। खैर जो जैसे भी है हमारे समाज के है हम यही कामना करते है कि प्रभु उनको सद्दबुद्धि प्रदान करें तथा वे समाज की एकता एवं संगठन के लिए सबको साथ लेकर चले। प्रेम और आत्मीयता के साथ परिस्थितियों को समझे, विचारवान बने और सबके कल्याण के लिए कार्य करें।

निष्कर्ष यह है क हमारे मन में सेवा का आधार जितना नि:स्वार्थ होगा, उतना ही अधिक समाज के लोगों की आत्म चेतना में निखार आएगा। हमारे अहं को दरकिनार करके परहित की भावना ग्रहण करें। समाज गंगा की पतित पावनी धारा में प्रवेश करके हम अपने आपको स्वच्छ, शीतल और पवित्र करें तथा स्वेच्छा भाव से समाज सेवा करे तथा सभी वर्गो को साथ में लेकर समाज का उत्थान करने का कार्य करें, अन्यथा समाज के भीतर कतिपय समाज सेवी बंधुओं के प्रति जो नाराजगी है वो सार्वजनिक होने पर उनके स्वयं के लिए भविष्य कष्टकारी होगा।

**यह कटु सत्य है।**



मनीष गहलोत
प्रधान सम्पादक

### माली सैनी संदेश द्वारा आयोजित प्रथम सेमिनार में विषय विशेषज्ञों ने किया मार्गदर्शन

# कॅरियर काउंसलिंग सेमिनार में उमड़ा विद्यार्थियों का हुजूम

### सेमिनार में विद्यार्थियों के अनुशासन एवं समाज के एक्सपर्ट की सेवाओं की चारों और सराहना






जोधपुर। माली सैनी संदेश द्वारा समाज के विद्यार्थियों हेतु मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में कॅरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी उद्योगपति श्री राजेन्द्र परिहार थे।

सेमिनार में मेड़ता सडीएम श्री पारसराम टाक ने युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि सर्वप्रर्थम सही विषय का चुनाव कर उस के प्रति पूर्ण समर्पित हो कर दृढ़ निष्ठा से पढ़ाई की जाए तो लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। श्री पारसराम टाक ने विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त करने हेतु अनेकों टिप्स दिये तथा उनका मार्गदर्शन किया।

जोधपुर एम्स के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेन्द्र देवड़ा ने मेडिकल फिल्ड में युवाओं को भविष्य की संभावनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। जीत कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर विनीत गहलोत व आईआईटी खड़गपुर के अंकित देवड़ा ने विद्यार्थियों को इंजिनियरिंग फील्ड के बारे में जानकारी दी।

तकनीकी क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं के बार में पॉलिटेक्निक कॉलेज के आई टी प्लेसमेंट के हैड टी. आर. राठौड़, महिला पॉलिटेक्निक्स की लेक्चरार सुश्री अनुलता गहलोत व आई टी आई जोधपुर के वाईस प्रिसिंपल संजीव कपूर ने विस्तृत रूप से सभी कोर्सेज व उनको करने के पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों के बार में जानकारी प्रदान की। कवि एवं टीवी कलाकार डॉ राम अकेला ने विद्यार्थियों को मोटिवेट किया। आर. ए.एस. अमृत सांखला ने भविष्य में होने वाली प्रतियोगी परिक्षाओं के लिए तैयारी के लिए टिप्स दिए। इसी क्रम में वेब डप्लपमेंट, साफ्टवेयर विशेषज्ञ डॉ दीपक गहलोत (यूएसए) ने विद्यार्थियों को भविष्य में कम्प्यूटर क्रांति से होने वाले प्रभावों एवं उनके उपयोग एवं रोजगार की संभावनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की।

इससे पूर्व सेमिनार का विधिवत् उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री राजेन्द्र परिहार, एसडीएम नागौर श्री पारसराम टाक, श्रीमति पूजा गहलोत, श्री अमृत सांखला, श्री सुरेन्द्र देवड़ा, सुश्री अनुलता गहलोत के द्वारा सरस्वती देवी की मूर्ति पर दीप प्रज्जवलन कर किया।

कार्यक्रम में पीपाड़ से श्री संपत सैनी एवं गौबर राम कच्छवाहा के नेतृत्व में सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके साथ ही जोधपुर के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों विद्यार्थियों ने भविष्य में शिक्षा में होने क्रांतिकारी परितवर्तन की जानकारी प्राप्त की।

कैरियर कॉउसलिंग के साथ ही महात्मा ज्योति बा फूले क्रांति ज्योति स्कॉलरशिप की पुस्तिका का लोकार्पण भी अतिथियों द्वारा किया गया। समाज के विद्यार्थियों को दी जाने वाली स्कॉलरशिप परीक्षा में इसी पुस्तिका से वास्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेगे। जिसमें सामान्य ज्ञान, अग्रेजी, गणित, तार्किक शक्ति के साथ ही माली समाज के इतिहास, समाज के महापुरूषों, अधिकारियों, सामाजिक राजनैतिक एवं विभिन्न पुरस्कारों एवं समाजहितार्थ कार्य करने वाले समाज बंधुओं से संबधित जानकारियों का समावेश किया गया है। छात्रवृति परीक्षा में सफल रहे विद्यार्थियों के लिए पत्रिका द्वारा विभिन्न कोर्सेज का आयोजन किया जायेगा जिसमें प्रमुख रूप से अग्रेजी, कम्प्यूटर डिजाईनिंग, पर्सनलिटी डव्लपमेंट, इवेंट मैनजमेंट, टेली एकाउटिंग, ग्राफिक डिजाईन, कम्प्यूटर हाईवेयर रिपेयरिंग, मोबाईल रिपेयरिंग, व्यवसायिक सलाहकार सेवाऐं जैसे कार्सेज के साथ ही समाज की छात्राओं के लिए सेल्फ डिफेंस, सिलाई, कशीदा, आर्ट एवं पेटिंग, कुकिंग जैसे बहुउद्देश्यीय कोर्सेज नि:शुल्क करावाये जायेगें। इसके साथ ही समय समय पर विभिन्न विषय विषेशज्ञों द्वारा कोचिंग प्रदान की जायेगी। सरकार द्वारा कराई जाने वाली प्रतियोगी परिक्षाओं हेतु भी समाज के शिक्षित युवक युवतियों के लिए नि:शुल्क क्लासेज का आयोजन किया जायेगा ।

इस कैरियर कॉउसलिंग सेमिनार के सफल आयोजन में श्री दीपक देवड़ा (देवड़ा एन्टरटेंनमेंट) का विशेष योगदान रहा। साथ ही सुनील कुमार, पंकज गहलोत, राजेश परिहार, सुधा गहलोत, विशाल कच्छवाहा, यश गहलोत एवं समाज के प्रबुद्धजनों ने सेमिनार में विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।



आर ए एस श्री पारसराम टाक (एसडीएम, मेड़ता) का मोमेण्टों देकर सम्मानित करते श्री राजेन्द्र परिहार (समाजसेवी)



डॉ सुरेन्द्र देवड़ा (कारडियोलोजिस्ट, एम्स अस्पताल, जोधपुर) का मोमेण्टों देकर सम्मानित करते श्री जगदीश देवड़ा (प्रेस फोटोग्राफर )



डॉ पूजा गहलोत (एसिस्टेंट प्रोफेसर, मैनेजमेंट स्टडी, जेएनवीयू) का मोमेण्टों देकर सम्मानित करती श्रीमती सुधा गहलोत



डॉ. राम अकेला (कवि एवं टीवी कलाकार) का मोमेण्टों देकर सम्मानित करते श्री गुमान सिंह गहलोत (समाजसेवी)




श्री दीपक सिंह गहलोत (सी.ई.ओ. टेक्नोसोफ्ट, यूएसए) का मोमेण्टों देकर सम्मानित करते सी. ए. श्री बलवीर गहलोत



डॉ हेमसिंह गहलोत (एसिस्टेंट प्रोफेसर, जेएनवीयू, जोधपुर) का मोमेण्टों देकर सम्मानित करती श्री गोबर राम कच्छवाहा (पीपाड़)



आर ए एस श्री अमृत सांखला (कॉ आपरेटिव इस्पेक्टर) का मोमेण्टों देकर सम्मानित करते श्री किशनलाल सांखला (सेवानिवृत प्रधानाचार्य)



श्री टी. आर. राठौड़ (पालिटेक्नीक कॉलेज, जोधपुर) का मोमेण्टों देकर सम्मानित करते एडवोकेट श्री महेन्द्र तंवर (समाजसेवी)



डा अनुलता गहलोत (महिला पॉलिटेकनिक कॉलेज, जोधपुर) का मोमेण्टों देकर सम्मानित करते श्री विनोद कच्छवाहा




अर्जुन सिंह सांखला (प्रिसिंपल लक्की इंस्टीट्यूट) को मोमेण्टों देकर सम्मानित करते विशाल कच्छवाहा



सी ए पूजा (सीधाचल सी.ए. क्लासेज जोधपुर) का मोमेण्टों देकर सम्मानित करते श्रीमती मिनाक्षी परिहार



श्री कपूर जी (वाईस प्रिसिपल, आई. टी. आई. महिला, जोधपुर) का मोमेण्टों देकर सम्मानित करते श्री शांतिलाल कच्छवाहा (पीपाड़)



डॉ प्रवीण गहलोत (एसोसिऐट प्रोफेसर बॉटनी, जेएनवीयू कॉलेज, जोधपुर) को मोमेण्टों देकर सम्मानित करते श्री संपत सिंह कच्छवाहा (विद्या शिक्षण संस्थान)



इजि. श्री अंकित देवड़ा (आई.आई. टी. खड़गपुर) का मोमेण्टों देकर सम्मानित करते श्री दीपक गहलोत (टेक्नोसोफ्ट, यू. एस. ए.)



इजि. विनीत गहलोत (एसि. प्रोफेसर इलि. जीत कॉलेज, जोधपुर) का मोमेण्टों देकर सम्मानित करते जयदेव सिंह

## सफल कैरियर कॉउसंलिग सेमिनार के सहभागी :

लक्की शिक्षण संस्थान,
जोधपुर

---

विद्या पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल,
जोधपुर

---

श्री खेतेश्वर शिक्षण संस्थान,
जोधपुर

---

मां शारदा विद्यापीठ, जोधपुर

---

गहलोत क्लासेज, जोधपुर

---

टर्निंग पाईण्ट
( भारतीय सेना में भर्ती हेतु ) जयपुर

---

सत्यम पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल
जोधपुर

---

देवड़ा कॉन्सेप्ट्स
( प्रतियोगी परीक्षा ), जोधपुर

---

श्री दीपक देवड़ा ( देवड़ा इंटरटेंटमेण्ट ), जोधपुर

---

रामदेव सेनेट्री स्टोर, जोधपुर

---

सी. ए. श्री बलवीर गहलोत
( गहलोत एण्ड कं. जोधपुर )

## सफल कैरियर कॉउसंलिग सेमिनार के आय व्यय का विवरण

### सभी प्रयोजकों एवं दानदाताओं से प्राप्त धन राशि कुल रकम रुपयें 1, 46, 000/-

**व्यय :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | मेडिकल कॉलेज हॉल बुकिंग एवं लाईट खर्च | : | रू. 66,360/- |
| 2. | मोमेण्टों | : | रू. 7,700/- |
| 3. | पोस्टर प्रिंट | : | रू. 1,000/- |
| 4. | स्टेज बैनर, होर्डिग बैनर एवं होर्डिग 5 (जोधपुर) | : | रू. 22,600/- |
| 5. | फ्लेक्स (40) प्रिंट | : | रू. 7,560/- |
| 6. | पोस्टर प्रिंट | : | रू. 1,000/- |
| 7. | ब्रॉशर प्रिंट (8000 कलर) | : | रू. 23,600/- |
| 8. | पैम्पलेट्स (12,000) | : | रू. 8,960/- |
| 9. | स्कॉलरशिप टेस्ट सीरिज बुक (1000) | : | रू. 26,900/- |
| 10. | टेंट खर्च | : | रू. 2,700/- |
| 11. | माईक एल. इ. डी. | : | रू. 12,700/- |
| 12. | बुके (35) | : | रू. 3,500/- |
| 13. | समाचार पत्रों में पेम्पलेट वितरण एवं बैनर लगवाई | : | रू. 4,500/- |
| 14. | स्टेज एवं स्पॉनसर बैक डार्प इत्यादि बैनर | : | रू. 12,000/- |
| 15. | अन्य खर्च | : | रू. 5,000/- |
| | **कुल रकम** | : | **रू. 2,06080/-** |

**विशेष :**

सेमिनार में श्री दीपक देवड़ा (देवड़ा इंटरटेंटमेंट कंपनी द्वारा सभी सेवाएं (एंकररिंग एवं सपोर्ट स्टॉफ) नि:शुल्क प्रदान की गई थी।

**इस प्रकार सेमिनार में माली सैनी संदेश द्वारा व्यय किये गये रू. 60,080/- (राशि 2,060,80 (खर्च) - 1, 46,000 (आय) )**

### झाड़ली में आयोजित माली समाज के जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में हुए 115 प्रतिभाएं सम्मानित

# शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति लाने के लिए सरकार एक से एक कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर शिक्षा को बढ़ावा दे रही है :- कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी




टोंक। अखिल भारतीय माली समाज सेवा संस्थान जिला टोकं के तत्वावधान में मालपुरा उपखंड क्षेत्र के झाडली के ग्राम पंचायत मुख्यालय पर रविवार को सैनी समाज का चतुर्थ जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रभुलाल सैनी के अतिथ्यि में आयोजित किया गया जिसमें समाज की 115 प्रतिभाओं को मंच पर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी, क्षेत्रीय विधायक कन्हैया लाल चौधरी, सैनी महासभा प्रदेशाध्यक्ष गुलाबसिंह गहलोत, ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज टोंक के जिलाध्यक्ष पांचू लाल सैनी, चितौडगढ़ जिलाध्यक्ष राजन सैनी, सैनी समाज जिलाध्यक्ष उद्दालाल माली, माली, (सैनी) समाज युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बबलू सैनी, पालिका उपाध्यक्ष पुरूषोतम सैनी, एडवोकेट कन्हैया लाल सैनी चांदसेन व भागचन्द सैनी, पूर्व सरपंच रोडूलाल चौधरी , देहांत अध्यक्ष बालाबक्ष चौधरी व झाडली सरपंच रेखा सैन ने अतिथियों के रूप में शिरकत की।

सैनी समाज व ग्रामीणो को सम्बोधित करते हुए कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने कहा कि प्रतिभाओं को समाज के मंच पर सम्मानित करने से प्रतिस्पर्धा के भाव जाग्रत है जो व्यक्ति को उन्नति के पथ पर अग्रसर होने को प्रेरित करते है। सैनी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रान्ति आ चुकी है तथा जहां सरकार एक से एक कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर शिक्षा को बढ़ावा दे रही है वहीं शिक्षा ने लड़के व लड़कियो के भेद को पाटने में सफलता हासिल की है

जिससे आज बालिकाएं आगे अपने परिवारो का नाम रोशन कर रही है। सैनी ने उपस्थित जनसमूह से बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन दिए जाने हेतु अपने परिवार व पडौस में किसी भी बालिका को शिक्षा से वंचित नही रहने देने तथा बालिका शिक्षा में अपना योगदान देने पुण्य काम करने का आहान किया। क्षेत्रीय विधायक कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले एक गरीब परिवार के बालक ने सम्पूर्ण राजस्थान में कला वर्ग में राज्य स्तर पर प्रथम आकर साबित किया है कि सफलता के लिए संसाधन का अभाव आडे नही आता है व्यक्ति यदि ठान ले और कडी मेहनत करे तो इस प्रकार के परिणाम सामने लाए जा सकते है। विधायक चौधरी ने राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे सार्थक प्रयासों की जानकारी देते हुए गांवो में हर बालक-बालिका को शिक्षा से जोडने का आहान किया।

चौधरी ने बालिका शिक्षा के प्रोत्साहन हेतु विधानसभा के प्रत्येक गांव में युवाओं का समूह बनाकर उसे सक्रिय करने पर जोर दिया। समारोह में मंत्री सैनी ने विधायक कोष से झाडली में सामुदायिक निर्माण के लिए दस लाख रूपए, लाम्बाहरिसिंह उप स्वास्थ्य केन्द्र के नवीन भवन निर्माण करवाए जाने,






लाम्बाहरिसिंह में गौण मंडी की स्थापना किए जाने, झाडली को जैविक ग्राम के रूप में विकसित किए जाने हेतु राज्य सरकार से पूर्ण अनुदान दिलवाए जाने की घोषणा की। जिसका उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गडगडाहट से मंत्री व विधायक का आभार जताया।

समारोह में सैनी समाज की शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हेतु 115 प्रतिभाओ को सम्मानित किया गया। समाज के जिलाध्यक्ष उद्दालाल सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष उलियाराखुर्द निवासी प्रहलाद तलाईच ने सभी आभार किया। झाडली सरपंच रेखा सैन ने गांव के किसानों रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से होने वाले नुकसान की जानकारी देकर सम्पूर्ण गांव को जैविक ग्राम के रूप में विकसित कर प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाने का विश्वास दिलाया। इस पूर्व मंत्री का डिग्गी नुक्कड चौराहे व मालपुरा डाक बंगले में स्वागत किया गया।

इस मौके पर लाम्बाहरिसिंह का एक शिष्ट मण्डल में शामिल किसानों के हितेषी किसान नेता रूपचन्द आकोदिया, भरत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष राजेश बल्दवा, महेन्द्र बडालिया ने ज्ञापन दिया गया। और जो बरसो स लावरिस पड़ी कृषि मंत्री की भूमि पर गौण मंडी बनाने की मांग की।

इस अवसर नगर पालिका चैयरमैन पुष्कराज सैनी, गुलाबसैनी गहलोत, प्रधान पिता रोडूलाल चौधरी, हिण्डोली पूर्व प्रधान पोखरलाल माली, बड़ी सादरी चितोडगढ़ नगर पालिका चैयरमैन पुष्कराज सैनी, गुलाबलाल गहलोत, प्रधान पिता रोडूला चौधरी हिण्डोली,पूर्व प्रधान पोखरलाल माली, बड़ी सादरी चितौडगढ़ नगर पालिका चैयरमैन  पुष्कराज सैनी, गुलाबसिंह गहलोत, प्रधान पिता रोडूलाल चौधरी, हिण्डोली पूर्व प्रधान पोखरलाल माली, बड़ी सादरी चितोड़गढ नगर पालिका चैयरमैन पुष्कर लाल माली, सीताराम कटारा निवई, देहत  अध्यक्ष बाला बक्श चौधरी , भागचन्द  सैनी, राजनाथसस पारीक, पुरूषोतम सैनी, उपचैयर मैन मालपुरा, गोपाल सिंह देहात, अध्यक्ष, जिला माली (सैनी) समाज युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र उर्फ बबलू टैंकर, कालूराम बागड़ी, एडवोकेट पुष्कर सैनी, रमेशचन्द्र सैनी रहमानदिया, अशोक कुमार सैनी, मीडिया प्रभारी कमलेश सैनी, जगावर सैनी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# अजमेर में 13वाँ सामूहिक विवाह सम्मेलन 28 फरवरी 2017 को होगा

अजमेर जिला माली (सैनी) सामूहिक विवाह समिति के तत्वाधान में दिनांक 03.07.2016 को समिति कार्यालय तेजाजी की देवली, ऊसरी गेट, अजमेर पर आयोजित बैठक में हुयी जिसमें समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अगला 13वां सामूहिक विवाह सम्मलेन 28 फरवरी 2017 को आयोजित करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री त्रिलोक चन्द इन्दोरा ने की। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथियों में मेयर धमेन्द्र गहलोत, हनुमान कच्छावा, टीकम चन्द टांक, चांदमल टांक, दिलीप गढवाल प्रमुख थे।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष घीसू गढवाल ने अवगत कराया कि समिति ने हमेशा समाज में फिजुल खर्ची, बाल विवाह व अन्य कुरीतियों को दूर करने का प्रयास कर रही है। समिति ने अब तक 500 नवदम्पित्तियों को परिणय सूत्र में बाधा है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री इन्दौरा जी ने पिछले समूहिक विवाह की अपार सफलता, भव्यता व सुन्दर आयोजन के लिए समिति ओर समाज बन्धुओ को बधाई दी। आगामी सामूहिक विवाह सम्मेलन के पूर्ण सहयोग देने का वादा किया। इस अवसर पर समिति द्वारा अजमेर जिले में अन्य सामूहिक विवाह समिति किशन केकड़ी, ब्यावर के अध्यक्षों व पदाधिकारियों को आंमत्रित किया जिसमें सभी ने तय किया समूहिक विवाह सम्मेलन की तारीख को ध्यान में रखकर घोषणा करें ताकि अधिक से अधिक जोडे आ सकें। समूहिक विवाह सम्मेलन में एक साल अन्तर हो।

आगामी सामूहिक विवाह सम्मेलन 28 फरवरी 2017 की अधिक जानकारी हेतु समिति कार्यालय तेजाजी की देवली, ऊसरी गेट, अजमेर पर सम्पर्क कर सकते है इसके अलावा संरक्षक 9462011228, अध्यक्ष 9413304481, सचिव 9413664550, उपाध्यक्ष 9829168570, कोषाध्यक्ष 01452630734, पर सम्पर्क कर सकते है।

इस अवसर पर सुरेन्द्र सिंह चौहान, घीसू गढवाल, सुगन चन्द उबाना, रूप चन्द भाटी, मुरलीधर चौहान, यशोदा नन्दन चौहान, गोपी किशन जादम, पूनम चन्द चौहान, विशन सिंह सांखला, नेमी चंद बवेरवाल, नोरत सिंह कच्छावा, महेन्द्र सिंह चौहान, श्याम लाल तंवर, रमेश चन्द कच्छावा, बाबूलाल सांखला, भगवान स्वरूप भाटी, ओम प्रकाश चौहान, चन्दर शेखर मोर्य ओम नारायण पालरिया, प्रदीप कच्छावा, हमीश मारोठिया, शंकर टांक, श्रीमती मनोरमा परिहार।

सामूहिक विवाह सम्मेलन हेतु रजिस्ट्रेशन कार्य शुरू हो चुका है । 09950427336

# प्रतिभाओ का सम्मान, शिक्षा का संदेश - मोतीबाबा

सुमेरपुर । माली समाज नवयुवक मंडल सुमेरपुर का तृतीय प्रतिभावन विद्यार्थी सम्मान समारोह एवं स्नेहमिलन का आयोजन रविवार को साधु-संतो के सानिध्य एवं लघु उद्योग के पूर्व चेयरमेन सुनील परिहासर के मुख्य आतिथ्य व महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान जयपुर के अध्यक्षा मोतीलाल सांखला की अध्यक्षता में आयोजित हुआ । समारोह में समाज के ८९ छात्र-छांत्राओ को सिल्वर मैडल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया

समारोह के मुख्य अतिथि सुनील परिहार ने कहा कि बच्चो में शिक्षा के साथ संस्कार नही होंगे तो वे शिक्षण जरूरी है। संस्कार नही होंगे तो वे शिक्षण कार्य में भी सफल नही हो पाएंगे । महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान अध्यक्ष मोतीलाल सांखला ने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक परिवार मं शत प्रतिशत बालिकाए शिक्षित होनी अनिवार्य है, तभी जाकर समाज विकसित हो पाएगा । इसके पहले नव युवक मंडल के संरक्षक मीठालाल देवड़ा ने कहा कि मंदिर मीठालाल देवड़ा ने कहा कि मंदिर निर्माण के किए जाने खर्च पर कटौती कर अब समाज को शिक्षा के मंदिर बनाने की ओर ध्यान देना चाहिए , तभी जाकर जाकर समाज के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ पाएंगे। इस मौके संत हरिदास महाराज, पंछीदास महाराज, माली समाज वेलफेयर सोसायटी सिरोही के अध्यक्ष रघुभाई देवड़ा, माली सैनी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष गुलाबराम गहलोत , जोधपुर की पूर्व महापौर डॉ. ओम कुमारी गहलोत ने भी विचार व्यक्त किए। समारोह में रामनगर के कानाराम परिहार , सुमेरपुर के नारायणलाल चौधरी, दीपक भाटी , धुलाराम देवडा नव यूवक मंडल अध्यक्ष हिम्मतराम , उपाध्यक्ष भरत चौधरी, कोषाध्यक्ष कांतिलाल , सचिव दीपक गहलोत, सलाहकार जगदीश कुमार , सह संयोजक रमेश कुमार , उप सचिव महेंद्र , विशिष्ठ सदस्य महेश परिहार , संगठन मंत्री मनोहरलाल , नरेश चौधरी व्यवस्थापक कैलाश कुमार, अशोक कुमार, दिनेश श्रवण गिरधारी, जितेंद्र परिहार, समाज के पंच पुखराज देवड़ा , जोधाराम देवड़ा, कैलाश सोलंकी, मांगीलाल देवड़ा टिकमाराम , गणेशाराम भाटी, चमनराम सांखला, वाली के कालुराम के कालुराम परिहार, कवला के रावाराम देवड़ा, चंपालाल गहलोत, तगाराम माली, खुशालराम, खीमाराम देवड़ा, धीरज सांखला, नरेश गहलोत मौजूद थे। मंच संचालन एडवोकेट महेंद्र कुमार गहलोत व मोहनलाल परिहार ने किया

**इनका भी हुआ बहुमान :**

समारोह में माली समाज कल्याण के अध्यक्ष रतनलाल टांक, माली समाज सुंधामाता अध्यक्ष शंकरलाल संदेशा सामुहिक विवाह आयोजन समिति अध्यक्ष भंवरलाल देवड़ा, पूर्व अध्यक्ष शांतिलाल परिहार, महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान जयपुर के सचिव चतुरराम माली, सिरोही माली समाज के सचिव चतुरराम माली, सिरोही माली समाज के अध्यक्ष प्रतापराम माली, मंदिर निर्माण के कमेटी अध्यक्ष चतुरराम गहलोत शिवगंज माली समाज अध्यक्ष चुन्नीलाल परिहार , गोडवाल युवा संघ सादडी क संरक्षक विजयसिंह कांवेश्वर धर्मशाला कमेटी अध्यक्ष नारयालाला परिहार ,खेजडिया के हजारीमल सोलंकी , पोसालिया के हिम्मतराम बेडा के भंवरलाल परिहार का साफा व पुष्पमाला पहन कर स्वागत किया



# हमें भी अपनी कुरीतियों पर अंकुश लगाना होगा - माली



भीलवाड़ा 19 जून। आज के बदलते हुए परिवेश में हर समाज अपनी प्राचीन सामाजिक कुरीतियों को शनै-शनै समाप्त कर रहे है और आवश्यकतानुसार संशोधन भी कर रहे है। हमें भी हमारे समाज में व्याप्त कुरीतियों में सुधार करना व अंकुश लगाना चाहिए। हमारी पंच पंचायत तथा सामाजिक संगठन इस और कठोर कदम उठाये। यह विचार माली (सैनी) महासभा के जिलाध्यक्ष व माली समाज के अग्रणी नेता गोपाललाल माली ने मोड़ का निम्बाहेड़ा स्थित झरणेश्वर महादेव मंदिर वर्षगांठ महोत्सव एवं माली समाज की जनरल पंचायत को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने बालिका शिक्षा पर भी जोर देते हुए कहा कि सामाजिक उन्नति हेतु प्रत्येक को शिक्षित होना आज के दौर में अति आवश्यक है।

आम मेवाड़ चौखला माली समाज कमेटी के सचिव धनराज गढ़वाल ने बताया कि वर्ष में एक बार होने वाली आम मेवाड़ चौखला माली समाज कमेटी की इस जनरल पंचायत में कई कुरीतियों पर विचार विमर्श कर जैसे मृत्यु भोज, बाल विवाह, नशाबंदी सहित अंध विश्वासों को पूर्ण रूप से समाज में से मिटाने के लिए कई तरह के प्रस्ताव समाज में लिए गये। इस बैठक में प्रमुख रूप कई सदियों से चली आ रही रात्रि जनरल पंचायत को आगे से दिन के समय में करने का भी समाज ने प्रस्ताव पास किया। बैठक में कई सामाजिक मसलों को भी विचार विमर्श कर आपसी सहमती से सुलझाए गये। बैठक में कमेटी के सचिव धनराज गढ़वाल एवं कोषाध्यक्ष नाथूलाल कच्छावा ने वार्षिक हिसाब-किताब भी पेश किया। जनरल बैठक से एक दिन पूर्व मंदिर की वार्षिक वर्षगांठ के तहत रात्रि जागरण एवं भजन संध्या का भी आयोजन किया गया।

इस बैठक में उदयपुर, चित्तौड़गढ़, राजसमंद व भीलवाड़ा जिले के कई तहसीलों व गांवों से सैकड़ों की तदात में समाजजन इस जनरल पंचायत में उपस्थित रहे। इस अवसर पर समस्त फूल माली समाज कमेटी के अध्यक्ष देबीलाल गढ़वाल ने सभी आगन्तुकों का स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर कमेटी के उपाध्यक्ष कन्हैयालाल कुवाडिया, मदन लाल गहलोत, बंशीलाल कच्छावा, कन्हैयालाल माली, देबीलाल रागस्या, नानूराम गोयल, पैमा राम माली, रामेश्वर माली, मूलचंद माली, भैरूलाल माली, देबीलाल माली, कैलाश चन्द्र छुलिवाल, गोपाल छुलिवाल सहित समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# सामाजिक एकता से ही समाज का विकास :राजेन्द्र गहलोत



तिंवरी। हर विकसित समाज में सामाजिक एकता व आपसी सामंजस्य महत्वपूर्ण हे, किसी भी समाज के शैक्षणिक, आर्थिक व राजनीतिक उत्थान के लिए सामाजिक एकता से उसका विकास संभव है। ये विचार राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री व संत शिरोमणि लिखमीदास विकास स्मारक संस्थान के अध्यक्ष राजेंद्र गहलोत ने कस्बे के माली समाज रामरसोढ़ा में 19 जुलाई को मनाए जाने वाले संत शिरोमणि लिखमीदास जयंती महोत्सव की तैयारी बैठक में व्यक्त किए। गहलोत ने कहा कि हर समाज के व छतीस कौम के लोग संत लिखमीदास महाराज की आराधना करते है। लिखमीदास महाराज माली समाज के महापुरूष थे। हमें संत के बताए मार्गो पर चलकर सामाजिक उत्थान व सामाजिक जागरूकता के कार्यक्रम करके समाज की एकता की ताकत दिखानी होगी। इस दौरान बालरवा के पूर्व सरपंच व माली समाज के उपाध्यक्ष बाबूलाल परिहार ने कहा कि युवा पीढ़ी संत लिखमीदास के पद चिन्हो पर चलकर समाज में शैक्षणिक व अन्य गतिविधियां करके जागरूकता लानी चाहिए। माली समाज मथानिया के अध्यक्ष सोमराज सांखला ने कहा कि युवा पीढ़ी नशे से दूर रहकर एक आदर्श समाज के निर्माण में सहयोग प्रदान करें। इस दौरान लिखमीदास युवा वाहिनी के प्रदेशाध्यक्ष चिमनाराम कच्छवाह, जिलाध्यक्ष हनुमान सिंह टाक, अजयपाल सिंह, नेमीचंद परिहार, मालाराम गहलोत, अचलसिंह गहलोत, रामेश्वर गहलोत, भोमाराम गहलोत, शिवलाल परिहार सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बैठक को संबोधित कर सामाजिक जागरूकता का संकल्प लिया।

**पौधरोपण पर लिया सार-संभाल का संकल्पः** बैठक के दौरान पूर्व मंत्री मंत्री राजेंद्र गहलोत सहित समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ व युवाओ ने राम रसोड़ा परिसर में सधन पौधरोपण कर सार-संभाल करने का संकल्प लिया।



# श्री सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय का स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया





भोपालगढ़। समाज के श्री सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय के 14 वें स्थापना दिवस समारोह को पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत एवं माली संस्थान के पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार के मुख्य आतिथ्य में धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा बहुत ही पुनीत कार्य है वह कार्य भोपालगढ़ माली समाज कर रही है। समाज के शिक्षाविदों ने जो यह बीड़ा उठाया जिसके परिणाम स्वरूप आज भोपालगढ़ ही नहीं वरन आस पास के क्षेत्रों के लोगों को इसका फायदा मिल रहा है। सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय का उच्च रिजल्ट लगातार कई वर्षो से ग्रामीण क्षेत्र में एक नई पहचान बना रहा है आने वाली पीढ़ी के लिए यह एक स्वर्णीम अवसर है। हम सभी विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते है जिन्होंने कठिन परिश्रम विद्यालय को इस मुकाम तक पहुंचाया है इसके साथ ही समाज की बेटियों का भी इस अवसर पर बहुमन करता हु कि आप अच्छे पढ़ लिख कर अपने परिवार का नाम रोशन करे।

राजेन्द्र गहलोत ने कहा कि महात्मा ज्योति बा फूल एवं सावित्री बाई फूले के प्रयासों के माध्यम से आज हमारा समाज शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगा रहा है महात्मा ज्योति बा फूले और सावित्री बाई फूले को हम सब ने साकार किया है। हमेशा इसी तहर हमारा समाज अग्रणीय रहे यही हम संत शिरोमणी लिखमीदास जी महाराज से प्रार्थना करते है। इस अवसर पर प्रदेश माली सैनी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष गुलाब गहलोत ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज हमारा समाज उत्थान की ओर है समाज को अभी एकता की जरूरत है जो कार्य भोपालगढ़ माली समाज ने किया वैसा ही हर क्षेत्र में होना अति आवश्यक है। शिक्षा के लिए बड़े शहरों में जाना असंभव है गांव में अगर इतनी बड़ी और इतनी उच्च क्यालिटि की शिक्षा उपलब्ध हो तो विद्यार्थियों को कहीं और दूर जाने की आवश्यकता ही नहीं रहेगी यह भोपालगढ़ माली समाज का बहुत ही अच्छा प्रयास है।

इस अवसर पर माली समाज के शिक्षाविद् प्रेमचंद सांखला, पूर्व प्रधान भोपालगढ़ पाबूराम सांखला, फलोदी माली समाज के अध्यक्ष गोबरदाम सांखला, वर्तमान अध्यक्ष रामदीन देवड़ा, माली संस्थान जोधपुर के संगठन मंत्री अशोक परिहार, भोपालगढ़ सरपंच प्रतिनिधि जयप्रकाश देवड़ा, पूर्व अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह देवड़ा, पूर्व सरपंच जितेन्द्र सिंह परिहार, युवा कांग्रेस के पूर्व सचिव व जिला देहात सचिव शिवकरण सैनी, श्रीमती कुंति देवड़ा, पूर्व प्रधानाचार्य किशन सिंह भाटी, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि पेमाराम भाटी, विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य पवन कुमार भाटी, मालियान सब्जी मण्डी के अध्यक्ष मुलाराम सोलंकी, संत शिरामणी लिखमाराम गौ-शाला सेवा समिति के अध्यक्ष रामाकिशन देवड़ा, पूर्व गौशाला अध्यक्ष पांचाराम सोलंकी, संस्थान के पूर्व अध्यक्ष छोगाराम देवड़ा, चेतनराम भाटी, पांचाराम सोलंकी, भेराराम भाटी, कालूराम सोलंकी, अर्जुन राम भाटी, वर्तमान उपाध्यक्ष जालाराम माली, नवनियुक्त कोषाध्यक्ष गोरधनराम सोलंकी, सचिव शंकरराम भाटी, उपाध्यक्ष संत बाबूलाल माली, माली सैनी महासभा के जिला संयोजक बंशीलाल सेनी, यूथ कांग्रेस की पाली लोकसभा क्षेत्र के महासचिव महेन्द्र प्रताप सिंह देवड़ा, रामस्वरूप देवड़ा सहित भोपालगढ़, जोधपुर एवं आसपास से पधारे समाज के प्रबुद्ध जन जिला प्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ समाजसेवियों एवं सैकड़ों की तादाद में उपस्थित समाज के वरिष्ठ नागरिकों एवं विद्यार्थियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

**इस अवसर पर प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान**

14वें स्थापना दिवस समारोह में सत्र 2015-16 के कक्षा दसवीं और बाहरवीं व कक्षा 1 से कक्षा 9 व 11वीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों का विद्यालय परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कक्षा दसवीं एवं बाहरवीं की बोर्ड कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति प्रत्र एवं स्मृति चिन्ह के साथ गोल्ड मेडल देकर सम्मान किया गया। कक्षा दशम में चतुराराम सोलंकी ने 96.4 प्रतिशन अंक प्राप्त कर ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय का नाम रोशन किया व कक्षा 12वीं साइंस वर्ग में देवाराम भाटी ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय को गौरवान्वित किया। कला वर्ग में अशोक कुमार भाटी ने तहसील स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इन सभी विद्यार्थियों को स्थापना दिवस समारोह में स्टूडेंट ऑफ सैनी विद्यालय अवार्ड से नवाजा गया।

संत लिखमीदास महाराज की शोभाायात्रा गाजे-बाजे से निकली, उमड़े समाजबंधु

# मेड़ता सिटी में फूल माली सैनी समाज ने लिखमीदास जयंती पर किया गया प्रतिभाओ को सम्मानित





मेड़ता सिटी। मेड़ता फूल माली सैनी समाज की ओर से मंगलवार को संत लिखमीदास महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसमें मेड़ता तथा आस-पास के क्षेत्र के अनेक लोगो ने हिस्सा लिया। इस दौरान शहर में संत लिखमीदास महाराज की जयंती पर गाजे-बाजे के साथ शोभाायात्रा का शहर में जगह जगह माली मोहल्लो में स्वागत किया गया। शहर में शोभायात्रा के दौरान ठंडा पेय भी पिलाया गया। यह शोभाायात्रा विभिन्न मार्गो से होती हुई संत लिखमीदास छात्रावास पहुंची। शोभायात्रा में माली समाज के गणमान्य लोग सपरिवार में माली समाज के गणमान्य लोग सपरिवार मौजूद रहे। इसस पहले सुबह संत लिखमीदास महाराज की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजा अर्चना की गई। हवन का आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य यजमान नेमीचंद सांखला सपत्नीक मौजूद थे। इसके बाद समाज के भवन से शोभायाात्रा रवाना हुई। जो शहर के मुख्य मार्गो से गुजरी।

**प्रतिभाओ को किया सम्मानित :** शोभायात्रा के समापन के बाद में संत लिखमीदास छात्रावास में सभा का आयोजन हुआ। इसमें महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थान अध्यक्ष मोतीलाल सांखला, ओंकारराम कच्छावा, गुलाब गहलोत, जेठाराम गहलोत, मिश्रीलाल सोलंकी, संग्राम गहलोत , बिरदीचंद सैनी, मेड़ता समाज अध्यक्ष सत्यनारायण चौहान, खेताराम टाक, रमेश पालड़िया राजेश गहलोत, जयसिंह सांखला आदि ने विचार व्यक्त किए। मंच संचालन ताराचंद मारोठिया ने किया। इस मौके पर 50 से अधिक समाज की प्रतिभाओ का सम्मान किया। रात में भव्य भक्ति संध्या का आयोजन हुआ। इसमें गायिका इंद्रा धावसी, सीताराम फालकी, अमरचंद कलरू आदि ने भजनो की प्रस्तुति देकर श्रोताओ को भाव विभोर कर दिया।

# शहर में जुलूस निकाल किया जिम्नास्टिक में सिल्वर मेडल विजेता जितेंद्र का स्वागत





पीपाड़ शहर। क्षेत्र के ग्राम चौकड़ी निवासी जितेंद्र सांखला का जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त करने पर शहर में जूलुस निकाल कर स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार तमिलनाडु में आयोजित रिंगिंग हैंड स्टैंड जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में जितेंद्र ने सिल्वर मेडल प्राप्त करने पर क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं, खेल प्रेमियो व माली समाज द्वारा स्वागत किया गया।

इस दौरान भारतीय माली(सैनी) संस्थान प्रभाकर टाक, पार्षद बाबूलाल सांखला,मंडी अध्यक्ष बुधाराम टाक, जवरीलाल गहलोत, कोसाला सरपंच बाबूदेवी गहलोत, पूर्व सरपंच चौकड़ी गेनाराम टाक, संपतराम सैनी, रामस्वरूप टाक सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# प्रदेश के विभिन्न भागों में संत लिखमीदास जयंती धूमधाम से मनाई





पीपाड़सिटी। संत लिखमीदास की जयंती मंगलवार को समारोहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर माली समाज के नेतृत्व में बाइक रैली निकाल कर संत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया । माली समाज नगर अध्यक्ष बाबूलाल टाक ने बताया कि संत लिखमीदास जयंती समारोह मालियान सब्जी मण्डी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनके आध्यात्मिक जीवन के साथ उच्च आदर्शो पर प्रकाश डाला गया । समारोह में पालिका अध्यक्ष महेन्द्रसिंह कच्छावाह, भाजपा नगर अध्यक्ष धनराज सोलंकी मालियान सब्जी मण्डी अध्यक्ष बुधाराम टाक, माली सैनी शिक्षा सेवा संस्थान के अध्यक्ष बाबूलाल सांखला सहित अन्यो न संत लिखमीदास की विशेष पूजा अर्चना कर रैली को झण्डी दिखाकर रवाना किया। बाइक रैली में पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रभाकर टाक, पूर्व पार्षद रघुनाथ टाक, भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र टाक सहित माली समाज के जन प्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।

**तिंवरी।** माली समाज के आराध्य देव संत लिखमीदास महाराज की 266 वी जयंती के उपलक्ष्य में युवा वाहिनी द्वारा वाहन रैली और सभा का आयोजन किया गया। माली समाज के अध्यक्ष सोमराज सांखला ने बताया कि रैली प्रात:' मथानिया कस्बे के प्रमुख बाजारो और मोहल्लो से होते हुए तिंवरी पहुंची । तिंवरी में लोगो ने जगर-जगह पुष्प वर्षाकर रैली का स्वागत किया। माली समाज के रामरसोडे में प्रार्थना सभा और प्रसादी का आयोजन किया गया।

**फलोदी।** संत शिरोमणि लिखमीदास की जयंती मंगलवार को माली समाज शिक्षण संस्थान में हर्षोल्लास से मनाई गई। संत लिखमीदास युवा वाहिनी के मीडिया प्रभारी संपत गहलोत ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा वाहिनी अध्यक्ष रामूराम माली ने की । संस्था अध्यक्ष गोबरराम सांखला, पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल सोलंकी गिरधारीराम सांखला, मिश्रीलाल परिहार, दिनेश देवड़ा सहित कई लोग उ

**भोपालगढ़।** माली समाज के संत शिरोमणी लिखमीदास जी महाराज के 226वें जन्मोत्सव को लेकर प्रथम बार भोपालगढ़ से पैदल संघ बड़ा रामद्वारा के अंतराष्ट्रीय संत श्री रामप्रसाद जी महाराज के मुख्यआतिथ्य में रवाना हुआ। संघ को संत श्री रामप्रसाद जी महाराज एवं संत शिरामणी लिखमीदास जी महाराज स्मारक ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत ने श्री सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय से हरी झण्डी देकर रवाना किया यहां से संघ रवाना होकर भोपालगढ़ बस स्टैण्ड, सब्जी मण्डी, जलजोग चौराया होते हुए स्थानीय संत शिरामणी लिखमीदास जी मंदिर व लाल दास जी महाराज के मंदिर में विशाला शोभा यात्रा के रूप में पहुंचा। वहां से महाराज के दर्शन कर संघ भोपालगढ़ होते हुए आसोप, संखवास, ताऊसर, नागौर से अमरापुरा के लिए रवाना हुआ। संघ का जगह जगह पुष्प वर्षा व भक्ति की स्वर ध्वनियों से स्वागत किया गया।

यह संघ संस्थान के पूर्व अध्यक्ष जीवाराम सोलंकी व भोपालगढ़ माली समाज के युवा कार्यकर्ता सुमेर भाटी, जिला संयोजक संत लिखमीदाज जी महाराज युवा वाहिनी माली नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष हेमसिंह सोलंकी, माली मण्डल के अध्यक्ष मनोहर परिहार, जिला उपाध्यक्ष युवा वाहिनी व सैकड़ों युवा कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में रवाना हुआ। समाज की महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए बंधावना किया। कस्बे के सैनी स्कूल से भोपालगढ़ से अमरापुरा दुपहिया वाहनों से सैकड़ो युवा गगनभेदी जयकारों व नाचते गाते हुए रवाना हुए। युवा वाहिनी के तहसील अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप देवड़ा व माली महासभा के जिला संयोजक बंशीलाल सैनी के नेतृत्व में दुपहिया प्रथम वाहन संघ की रवानगी की गई। इस अवसर पर सब्जी मण्डी अध्यक्ष मूलाराम सोलंकी ने संतश्री के आध्यात्मि जीवन के साथ उच्च आदर्शो पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्धजन एवं समाज बंधु उपस्थित थे।





# श्री प्रभुलाल सैनी ने कि संत लिखमीदास मंदिर में की पूजा-अर्चना



नागौर कृषि मंत्री प्रभुलाल मंत्री सैनी एवं स्टेट मोटर गैरेज राज्य मंत्री जीतमल खाट ने शुक्रवार को अमरपुरा स्थित संत लिखमीदास मंदिर में समाधि के दर्शन कर पूजा अर्चना की। सैनी एवं खाट ने संत लिखमीदास स्मारक विकास संस्थान के बैनर तले बने रहे स्मारक एवं मंदिर निर्माण का अवलोकन किया।

इस अवसर पर उनके साथ सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान तीनो गांव नागौर के अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा सामाजिक कार्यकर्ता मोहनराम चौधरी, पुखराज सांखला, सचिव रामनिवास सांखला , रामावतार सैनी सहित कई समाज बंधु उपस्थित थे। कृषि मंत्री ने बाद में हनुमान बाग चैनार स्थित माली संस्थान के पश्चिम भाग में बने बी ब्लॉक का लोकार्पण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष देवड़ा, रामेश्वर भाटी, हीरालाल कच्छावाह, रामकुमार देवड़ा , आसाराम भाटी, ,महेन्द्र सुराणा, स्वरूप देवड़ा , अविनाश जोशी, सुरेश टाक, सहित कई जने मौजूद थे।

## माली समाज संस्थान के नवनिर्मित परिसर का लोकार्पण




नागौर स्थित सैनिक क्षत्रिय माली समाज संस्थान के नवनिर्मित परिसर का गुरूवार को कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने लोकार्पण किया। संस्थान अध्यक्ष कूपाराम देवड़ा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मोटर गेराज राज्यमंत्री जीतमल खांट भी उपस्थित थे। संस्थान की कार्यकारिणी सदस्य बालकिशन भाटी ने बताया कि नवनिर्मित परिसर में संस्थान की कार्यकारिणी सदस्य, रसोई घर सहित 17शामिल है।

कार्यक्रम में संस्थान उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सांखला, सचिव रामनिवास सांखला, सदस्य रामेश्वर भाटी, रामबक्ष गहलोत, महेंद्र भाटी, ललित भाटी, शंकरलाल टाक, रामजस भाटी, भामाशाह हरिशचंद्र देवड़ा सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित थे। इससे पूर्व समाज बंधुओ द्वारा संत शिरोमणि लिखमीदास महाराज का पूजन चंदन किया तथा सामूहिक आरती पाठ भी किया।



# टक्कर मारने वाले छोड़ दिए, जिसको फ्रैक्चर हुआ, उसे कर लिया गिरफ्तार दादाबाड़ी ने मारी थी बाइक को टक्कर

## माली समाज ने एएसपी को दिया ज्ञापन



कोटा। दादाबाड़ी विद्या मन्दिर स्कूल रोड पर शनिवार रात एक कार चालक ने एक बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसका पैर फ्रेक्चर हो गया। कार सवार युवक व युवती ने उसकी मदद करने के बजाय मारपीट शुरू कर दी। इधर मौके पर पहुंची पुलिस ने भी युवक का इलाज करवाने के बजाय उसे शांतिभंग में गिरफ्तार करके लॉक अप में बंद कर लियां मामले को लेकर माली समाज के प्रतिनिधिमंडल ने एएसपी उमेश ओझा को ज्ञापन दिया। जिसमें कार चालक व दोषी पुलिसकर्मियो के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है।

माली समाज के पुरूषोतम अजमेरा ने एसपी सवाईसिंह गोदारा के नाम दिए ज्ञापन में बताया कि गुलाबवाड़ी निवासी पुष्पेन्द्र 9 जुलाई को रात 10.30 बजे गोदावरी दर्शन करके घर लौट रहा था।

दादाबाडी के विद्या मंदिर स्कूल रोड पर एक कार ने जोरदार टक्कर मार दी। कार का पहिया पुष्पेंद्र के पैर से गुजर गया, जिससे उसका पैर फ्रेक्चर हो गया। कार चालक युवक व लड़की ने उसे उठाने के बजाय कार से उतरकर उससे मारपीट शुरू कर दी। लडकी ने फोन करके दूसरे लड़को को बुलाया, जिन्होने भी पुष्पेंद्र से लात-घुसो से मारपीट की और पर्स छीनकर 1200 रूपए छीन लिए। सूचना पर पुलिस आई और पुष्पेंद्र को उठाकर शांतिभंग में बंद कर दिया।

**पुलिस ने इलाज नही कराया**

**समाज के डॉ. दुर्गाशंकर सैनी ने बताया कि पुलिस मानवता भूल गई है। पैर के फ्रैक्चर का इलाज करवाना दूर पुलिस ने उसे ही उठाकर थाने में बंद कर दिया। पुष्पेन्द्र द्वारा दी गई शिकायत फाड़कर फेंक दी, मामले की जाँच करना तो दूर रिपोर्ट तक दर्ज नही की । न ही उनका मेडिकल करवाया।**

# सिरोही स्थित होटल रामदेव की प्रथम वर्षगांठ मनाई







सिरोही। वेराविलपुर हाईवे पर स्थित होटल बाबारामदेव के एक वर्ष पूर्ण होने पर वर्षगांठ मनाई। बाबारामदेव ग्रुप के प्रबन्ध संचालक रघुनाथ माली ने बताया कि हमारी होटल की द्वितीय शाखा होटल बाबारामदेव वेराविलपुर हाईवे नं.-62 पर स्थित हैं, उसे एक वर्ष पूर्ण होने पर स्कूली छात्रा जयन्ति कुंवर, रघुभाई, योगेश माली एवं पर्यटकों ने बाबारामदेवजी की तस्वीर के आगे फुल-माला व दीप प्रज्जवलित कर एवं केक काटकर वर्षगांठ मनायी। उक्त कार्यक्रम में गुजराती परिवार ने सम्मिलित होकर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पहली बार किसी बडी होटल में स्कुल के छोटे-छोटे बच्चों के हाथों केक कटवाकर होटल की वर्षगांठ मनायी गई जो देखने योग्य हैं। उक्त कार्यक्रम में गॉव वेराविलपुर के हर वर्ग के बच्चो ने प्रसि) होटल में जायकेदार एवं स्वादिष्ट भोजन का लुप्त उठाकर खुशी जाहिर की। उक्त अवसर पर होटल परिवार के साथ-साथ गॉव वेराविलपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय के सभी विद्यार्थियों, रामप्रसाद देवन्दा प्रधानाध्यापक, शारीरिक शिक्षक चैलसिंह देवडा, अर्जुनसिंह राठैड एवं समाजसेवी कान्तिलाल माली के साथ विद्यार्थियों से केक कटवाकर बच्चो को खाना खिलाया गया तथा उपस्थित बच्चों को पाठ्यसामग्री गिप्ट की। यह कार्यक्रम होटल परिसर में ही किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों एवं गॉव के बच्चो के साथ गॉव के चैलसिंह, परबतसिंह, प्रकाश माली, कमलेश माली, ललित माली, प्रकाश बी॰ माली, सुरेन्द्र लोढा, मीठालाल माली, अमृत माली, नारायण माली, वेराविलपुर गॉव के हरेश कुमार बावरी, रामलाल देवासी तथा उपस्थित पर्यटकों के बीच कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# स्व. संतरादेवी, आनंद कुमार सेवा संस्थान द्वारा समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ सम्मान






लक्ष्मणगढ़। सैनी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को हुआ। आयोजन सचिव बाबूलाल सैनी ने बताया कि स्व. संतरा देवी आनंद कुमार बागड़ी सेवा संस्थान, महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति की ओर से सैनी भवन ने आयोजित समारोह में समाज के पूर्व अध्यक्ष बनवारीलाल पापटवाण को समाज रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया।

